वार्ड 61 में एएसआई के निलंबन पर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस पर भाजपा के दबाव में काम करने का आरोप

प्रदर्शन के दौरान डॉ. राजकुमार जयपाल सहित कुछ कार्यकर्ताओं ने काले चश्मे भी पहने

अजमेर, (कासं)। नगर निगम चुनाव के बीच वार्ड नंबर 61 में कांग्रेस प्रत्याशी के पति एवं पुलिस विभाग में तैनात एएसआई फूलचंद मीणा के निलंबन का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और पुलिस विभाग की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान डॉ. राजकुमार जयपाल सहित कुछ कार्यकर्ताओं ने काले चश्मे भी पहन रखे थे, जिनके दोनों ओर 'कानून अंधा है' लिखा हुआ था। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन भाजपा के दबाव में काम कर रहा है और चुनाव के दौरान पुलिस विभाग द्वारा समान कार्रवाई नहीं की जा रही है।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और पुलिस विभाग की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया।

डॉ. जयपाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि वार्ड नंबर 61 में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की प्रत्याशियों के पति पुलिस विभाग में तैनात हैं। दोनों ने चुनाव के मद्देनजर पुलिस विभाग से अवकाश मांगा था। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा प्रत्याशी के पति को तो अवकाश दे दिया गया, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के पति एएसआई फूलचंद मीणा को छुट्टी देने के बजाय निलंबित कर दिया गया। उन्होंने इसे पुलिस विभाग की भेदभावपूर्ण कार्रवाई बताया। कांग्रेस अध्यक्ष जयपाल ने आरोप लगाया कि एएसआई फूलचंद मीणा के साथ कुछ लोगों द्वारा हाथापाई की गई तथा उनकी कार को भी कुछ लोगों ने घेर लिया था। कांग्रेस का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पुलिस विभाग को किसी राजनीतिक दबाव में कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

डॉ. राजकुमार जयपाल ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी प्रत्याशियों और उनके परिजनों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। यदि किसी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तो उसके लिए स्पष्ट और समान मापदंड होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक ही परिस्थिति में भाजपा प्रत्याशी के पति को अवकाश देना और कांग्रेस प्रत्याशी के पति को निलंबित करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि जब तक पुलिस विभाग एएसआई फूलचंद मीणा का निलंबन वापस नहीं लेता, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की।

- **डॉ. राजकुमार जयपाल बोले– भाजपा प्रत्याशी के पति को छुट्टी, कांग्रेस प्रत्याशी के पति एएसआई फूलचंद मीणा को किया निलंबित; निलंबन वापस होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी**

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर निगम चुनाव के बीच इस प्रकार की कार्रवाई से निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पार्टी ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए और किसी भी राजनीतिक दबाव के बिना कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जजों के बंगलों के गार्डन में निकला गोयरा

अजमेर, (कासं)। जयपुर रोड स्थित अरावली हिल्स क्षेत्र में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जजों के बंगलों के सामने स्थित गार्डन में एक गोयरा और बड़ा सांप दिखाई दिया। अचानक सांप और गोयरा के नजर आने से बंगले में रहने वाले लोगों और आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सर्प रक्षक नरेश कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार, जयपुर रोड स्थित अरावली हिल्स में जज अजय शुक्ला के बंगला नंबर 5 और जज भानु कुमार के बंगला नंबर 4 के सामने गार्डन में लोगों ने एक गोयरा और बड़े सांप को देखा। दोनों सांप और गोयरा गार्डन में लगे एक नीम के पेड़ की खोल में जाकर छिप गए थे।

सांप को देखकर आसपास के लोगों में भय का माहौल बन गया और इसकी सूचना तत्काल सर्प मित्र नरेश कुमार को दी गई। सूचना मिलने के बाद सर्प मित्र नरेश कुमार मौके पर पहुंचे और काफी सावधानी के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। उन्होंने पेड़ की खोल में छिपे गोयरे को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसी स्थान से करीब 6 फीट लंबा धामण सांप भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। सांप के बाहर निकलने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। नरेश कुमार ने दोनों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करने के बाद उन्हें उनके प्राकृतिक आवास नाग पहाड़ी क्षेत्र में छोड़ दिया।

आत्महत्या संबंधी विचारों के दुष्प्रभावों पर चर्चा

उदयपुर में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उदयपुर, (कासं)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग, उदयपुर के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम " चेंजिंग द नेरेटिव ऑन सुसाइड- स्टार्ट लरत कॉन्वर्जेशन" रही।

कार्यक्रम में गीतांजलि कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य प्रो. डॉ. आलोक रावत, गीतांजलि स्कूल ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य प्रो. डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी प्रो. कमलेश जोशी, एकेडमिक इंचार्ज एवं विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. जयेश पाटीदार, समस्त विभागाध्यक्ष एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. डॉ. आलोक रावत ने आत्महत्या संबंधी विचारों के दुष्प्रभाव एवं उन्हें कम करने के उपायों पर प्रकाश डाला। वहीं प्रो. डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने जीवन के महत्व और समस्याओं पर खुलकर बातचीत करने की आवश्यकता बताई।

विभिन्न सत्रों में प्रो. डॉ. जयेश पाटीदार ने इस वर्ष की थीम से अवगत करवाया और साथ ही प्रो. डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने आत्महत्या के जोखिम, कारकों एवं चेतावनी संकेतों को बताया तथा प्रो. हरेंद्र गेहलोत ने जोखिमग्रस्त व्यक्ति की पहचान, उससे संवाद एवं सहयोग के विषय में जानकारी दी।

- **प्रो. डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने जीवन के महत्व और समस्याओं पर खुलकर बातचीत करने की आवश्यकता बताई**

इस अवसर पर आशाधाम आश्रम, उदयपुर में आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों ने सिंगिंग, डांसिंग एवं ड्राइंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया तथा प्रेम सहित अल्पाहार का वितरण किया। नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

हत्या के मामले में 10 दोषियों को उम्रकैद की सजा

मामला 17 जून 2019 को रामगढ़ थाने में दर्ज हुआ था। परिवादी कंवरपाल ने रिपोर्ट में बताया

अलवर। अलवर के एडीजे कोर्ट संख्या-3 ने हत्या के करीब 7 साल पुराने मामले में 10 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक आरोपी पर 28,700 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले में आरोपी महिला को कोर्ट ने बरी कर दिया।एडीजे-3 जज ज्योति के. सोनी ने 24 गवाहों के बयान और 77 दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह फैसला सुनाया। दोषियों ने मामूली विवाद में एक बुजुर्ग की हत्या कर दी थी। सरकारी वकील अजीत यादव ने बताया- मामला 17 जून 2019 को रामगढ़ थाने में दर्ज हुआ था। परिवादी कंवरपाल ने रिपोर्ट में बताया था कि 15 जून 2019 को खेतों के पास मोटरसाइकिल तेज चलाने की बात को लेकर पड़ोसी कश्मीर के भांजे सुनील और मांदला खुर्द निवासी देवकी से कहासुनी हुई थी। बाद में दोनों पक्षों ने बैठकर मामला निपटा लिया था। इसके बाद 17 जून की शाम करीब 6 बजे कंवरपाल की भाभी भीमवती अपनी बोरिंग पर अकेली थी। तब प्रकाश, कुर्शीद उर्फ कुर्री, सुनील, वीरवती, करण सिंह, ओमसिंह, भीमसिंह, कश्मीर, धनसिंह, लालाराम, मेवाराम, अजीत, रोहताश, गब्बर, मुकेश सहित अन्य लोग वहां पहुंचे और भीमवती के साथ मारपीट करने लगे। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में कंवरपाल के पिता बंशी (77) सहित कई लोग घायल हुए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बंशी की मौत हो गई थी। परिवादी ने आरोप लगाया था कि आरोपी धारदार हथियार और बंदूक लेकर आए थे। कोर्ट ने सुनवाई के बाद प्रकाश, भीम सिंह, मुकेश, ओम सिंह, करण, लालाराम, मेवाराम, सुनील, कुर्शीद उर्फ कुर्री और धनसिंह को हत्या के मामले में दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। वहीं आरोपी महिला वीरवती को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।

- **एडीजे-3 कोर्ट ने 28,700 रुपए जुर्माना भी लगाया ; बुजुर्ग का किया था मर्डर**

निजी स्कूलों का डाटा अब तक अपलोड नहीं

बीकानेर। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य स्तरीय समान परीक्षा सत्र 2026-27 को लेकर लापरवाही बरतने वाले जिलों को अंतिम चेतावनी दी है। शिक्षा विभाग ने पीएसपी पोर्टल पर गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की संख्या का अद्यतन नहीं करने पर कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों (पीएसपी) को अति आवश्यक स्मरण पत्र जारी किया गया है।

निदेशालय के पहले के पत्र के अनुसार सभी जिलों को गैर सरकारी विद्यालयों के कक्षा 09 व 10 तथा कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों की संख्या 07 दिवस के भीतर पीएसपी पोर्टल पर अपलोड करनी थी। इस कार्य की अंतिम तिथि 01.09.2026 तय की गई थी। लेकिन तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी कई जिलों ने अभी तक शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज नहीं की है। कई जिलों की प्रगति अभी भी शून्य/परफोरमेंस कमजोर है, जिसे निदेशालय ने गंभीरता से लिया है।

पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावी प्रबोधन और समन्वय करते हुए गैर सरकारी विद्यालयों की संख्या को अविलंब पीएसपी पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि इस संबंध में कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई तो उत्पन्न होने वाली किसी भी विपरीत परिस्थिति के लिए संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

जंगल में मिला युवक का शव, हाथ में लगा मिला सीरिज

मस्तराज करीब एक साल से नशा मुक्ति केंद्र में इलाज करवा रहा

टोंक। देवली थाना थाना क्षेत्र के गणेश रोड स्थित रामद्वारा के पीछे जंगल इलाके में गुरुवार को 27 साल के एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को देकर मौके पर बुलाया, जिसके बाद देवली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

देवली थाना प्रभारी प्रीति ने बताया कि मृतक की पहचान दांता ढाणी निवासी मस्तराज पुत्र शिवसिंह मीणा के रूप में हुई है। पुलिस ने सूचना देकर उसके जीजा फतेहलाल मीणा को बुलाकर शव की पहचान की गई, इस दौरान मौके पर मृतक के हाथ में एक सिरिंज लगी मिली, जिससे पहली नजर में नशे के सेवन की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक, मस्तराज करीब एक साल से शहर के कोटा रोड स्थित नशा मुक्ति केंद्र में इलाज करवा रहा था, बताया गया कि केंद्र में रहते हुए भी वह नशा करता था।

पुलिस के अनुसार, मस्तराज इसके बाद गणेश रोड स्थित रामद्वारा के पीछे बबूल के पेड़ों वाले इलाके में पहुंचा, यहां एक बाबा का स्थान भी है, जहां लोग पूजा करते हैं। गुरुवार सुबह वह एक सफेद कट्टे पर मृत मिला, उसने काली जींस और शर्ट पहन रखी थी।

- **थाना क्षेत्र के गणेश रोड स्थित रामद्वारा के पीछे जंगल इलाके में गुरुवार को 27 साल के एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को देकर मौके पर बुलाया, जिसके बाद देवली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया**
- **मामले की जांच शुरू कर दी है**

उसके पास एक बैग भी मिला। बैग के पास पुलिस को एक पर्ची मिली, जिस पर मोबाइल नंबर लिखा था। पुलिस ने उस नंबर पर संपर्क किया, जिसके बाद मृतक के परिजनों की पहचान हो सकी। हालांकि, मौत के असली कारणों का पता जांच और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

कौन बनेगा झुंझुनूं नगर परिषद का सभापति?

झुंझुनूं। झुंझुनूं जिले में नगर निकाय के प्रथम चरण का मतदान 9 सितंबर को हुआ है वहीं दूसरे चरण का मतदान भले ही 11 सितंबर को होना है, लेकिन झुंझुनूं में सभापति की कुर्सी को लेकर सियासी शतरंज अभी से शुरू हो गई है। गुरूवार को भाजपा ने अपने समर्थित पार्षद प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी कर राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ा दी। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की रही कि झुंझुनूं से भाजपा विधायक राजेंद्र भांबू के आवास पर भाजपा प्रत्याशियों के साथ कई निर्दलीय प्रत्याशी भी पहुंचे। दोपहर से जुटे प्रत्याशियों को देर शाम दो बसों से एक अज्ञात स्थान के लिए रवाना किया गया। सभी प्रत्याशी अपने बैग लेकर पहुंचे थे। आधिकारिक तौर पर उन्हें कहां ले जाया गया, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन राजनीतिक संदेश साफ माना जा रहा है- भाजपा मतदान से पहले अपने संभावित समर्थकों को एकजुट रखने के साथ-साथ 14 सितंबर के बाद बनने वाले बोर्ड के गणित पर भी नजर रख रही है।

भाजपा के साथ निर्दलीय... आखिर क्यों? : जानकारी के अनुसार विधायक आवास पर भाजपा प्रत्याशियों के साथ आजम भाटी, जब्बार फुल्का, इशाक फुल्का, खादिम खोकर, इदरीश मिंडा, पिंटू कुमावत और मनोज सहित निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी ने सबसे ज्यादा सवाल खड़े किए हैं। इनमें कुछ प्रत्याशियों के परिवार के सदस्य संबंधित वार्डों से चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में यह साफ है कि चुनावी मुकाबला अब केवल भाजपा बनाम कांग्रेस नहीं रह गया है। यदि किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला तो यही निर्दलीय चेहरे बोर्ड की सत्ता की चाबी बन सकते हैं।

सभापति की दौड़ में कौन-कौन-

झुंझुनूं नगर परिषद में सभापति पद को लेकर अभी आधिकारिक रूप से कुछ तय नहीं है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में कई नाम चर्चा में हैं। जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा के झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के दामाद और वार्ड नंबर 49 से भाजपा प्रत्याशी मनु धनखड़ यदि विजय का परचम फहराते हैं तो निर्दलीय प्रत्याशियों के साथ जोड़- तोड़ कर उनका सभापति बनना लगभग तय माना जा रहा है वहीं कांग्रेस समर्थित निर्दलीय पूर्व उपसभापति वीरेंद्र डारा, कांग्रेस के अब्दुल्ला अगवान, कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तैयब अली, भाजपा के डॉ. राजेश बाबल, भाजपा के लीलाधर जाखड़ , भाजपा के गुलजारीलाल शर्मा , प्रमोद जानू के सभापति बनने को लेकर भी जन चर्चाएं चल रही हैं। इनमें लीलाधर जाखड़ की दावेदारी को राजनीतिक रूप से इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि वे पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार के दामाद और भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि के ननदोई हैं।

मकान का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाए कीमती बर्तन

अजमेर, (कासं)। शहर के क्लॉक टावर पुलिस थाना क्षेत्र में चोरों ने एक पुश्तैनी मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मकान में रखे कांसा और पीतल के कीमती बर्तन, कपड़े सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में चोरी की वारदात को लेकर चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार केसरगंज स्थित प्लाजा सिनेमा के पीछे राजेश चतुर्वेदी का पुश्तैनी मकान है। बताया जा रहा है कि मकान बंद था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने मकान में रखे सामान को खंगालने के बाद वहां मौजूद कांसा और पीतल के कीमती बर्तनों के साथ कपड़े तथा अन्य सामान अपने कब्जे में ले लिया।

वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। मकान का ताला टूटा मिलने और सामान अस्त-व्यस्त होने पर चोरी की घटना का पता चला। इसके बाद मकान मालिक राजेश चतुर्वेदी ने मामले की शिकायत क्लॉक टॉवर पुलिस थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटा रही है। फिलहाल चोरी गए सामान की पूरी कीमत और मात्रा का आकलन किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद चोरी की वारदात से जुड़े आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

- **क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में वारदात, कांसे-पीतल के बर्तन, कपड़े समेत अन्य सामान चोरी; पीड़ित ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत**
- **मकान मालिक राजेश चतुर्वेदी ने मामले की शिकायत क्लॉक टॉवर पुलिस थाने में दर्ज कराई।**

चुनावी रंजिश ने लिया हिंसक रूप : कांग्रेस प्रत्याशी के बेटे पर हमला

सिंघाना। सिंघाना नगरपालिका चुनाव के बीच चुनावी विवाद ने बुधवार रात हिंसक रूप ले लिया। गाड़ियों में सवार होकर आए युवकों पर कांग्रेस प्रत्याशी के बेटे और उसके साथ मौजूद एक अन्य युवक से मारपीट करने का आरोप लगा है।

मारपीट में गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद झुंझुनूं रेफर किया गया। मामले को लेकर वार्ड 24 निवासी अशोक कुमार पुत्र बाबूलाल सैनी ने सिंघाना थाने में रिपोर्ट देकर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो जनों को डिटेन किया है।

चुनाव नहीं लड़ने की बात कहकर शुरू किया विवाद - पुलिस को दी रिपोर्ट में अशोक कुमार ने बताया कि उसकी माता राजबाला सिंघाना नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस की ओर से पार्षद पद की प्रत्याशी हैं। मंगलवार रात करीब 11 बजे वह राधेश्याम सैनी के घर के पास बने बाड़े में मुलचंद पुत्र बनवारी लाल के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था।

पागल कुत्ते के काटने से 1500 से अधिक पशुओं में रैबीज का खतरा

छत्तरगढ़। जिले की छत्तरगढ़ में सील की लूणखां ग्राम पंचायत अंतर्गत चक 1 एमएमडब्ल्यूएम में एक पागल कुत्ते के काटने से तीन गाएं और एक भेड़ की मौत हो गई है तथा एक गाय को आइसोलेशन में रखा गया है। 1500 से अधिक पशुओं के संक्रमित होने की आशंका है। इन पशुओं का दूध पीने वाले ग्रामीणों में दहशत है।

जानकारी के अनुसार चक 1 एमएमडब्ल्यूएम में रेवड़ चराने वाले एक पशुपालक के साथ रहने वाला कुत्ता पागल हो गया था। उसने कई भेड़ों और गायों को काट लिया। घटना तीन दिन पहले की है। अगले ही दिन कुत्ते की मौत हो गई। इस दौरान गायों का दूध और छाछ भी ग्रामीणों ने पी ली। पशुओं को पागल कुत्ते के काट लेने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सरपंच अभिमन्यु सिंह भाटी की सूचना छत्तरगढ़ एसडीएम पवन सुथार, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. मुकेश मीणा और वेटरनरी डॉक्टर मोइनुद्दीन पंवार की टीम गांव में पहुंची। एहतियात के तौर पर पशुओं और ग्रामीणों को वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया है। एंटी रेबीज के पांच सौ वॉयल गोगागेट स्थित जिला पशुपालन अधिकारी कार्यालय से भेजी गई है। आस-पास के गांवों से भी इंजेक्शन मंगवाए गए हैं। डॉ. मुकेश मीणा ने बताया कि ग्रामीणों में खतरे की कोई बात नहीं है। हालांकि दूध पीने से रेबीज नहीं होता। ग्रामीणों के डर को देखते हुए पशुओं का दूध पीने से फिलहाल मना कर दिया गया है। लूणखां में रैबीज रोधी टीकाकरण शिविर लगाया चक 1 एमएमडब्ल्यूएम में पागल कुत्ते के पशुओं को काटने की घटना के बाद बुधवार को लूणखां पंचायत में रैबीज का वैक्सीनेशन करने के लिए कैंप लगाया गया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WD&SC, DIVISION, KAMAN

File no. WDSC/Nividha/MJSA-2.2//2026-27/140-47 Date: 04/09/2026

NOTICE INVITING BID

NIB No 07-14/2026-27

Bids for Field bunding with waste weir, Talai nirman, Pokhar khudai, talai khudai. Contour bunding with waste weir, Bank stabilization nirman, ECD Nirman. Farm pond Nirman. MPT Nirman. Sunken pond Nirman, Rooftop water harvest with recharge shaft, Mini Percolation tank(MPT). PI, Recharge shaft, talab, sunken pond and bank stabilization of estimated value 71.49 | akhs, 63.14 1 akhs and 31.37 Lakhs Block Kaman and estimated value 7.16 Lakhs, 55.50 Lakhs and 55.37 Lakhs Block Pahari and estimated value 36.09 Lakhs and 68.86 Block Nagar are invited from interested bidders up to 06:00 PM, 14.09.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https:/ / sppp. rajasthan. gov.in/) of the state and department website (https:// eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/).

NIB Code- WSC2627A1201
UBN Code- WSC2627WSOB02167
UBN Code- WSC2627WSOB02168
UBN Code- WSC2627WSOB02169
UBN Code- WSC2627WSOB02170
UBN Code- WSC2627WSOB02171
UBN Code- WSC2627WSOB02172
UBN Code- WSC2627WSOB02173
UBN Code- WSC2627WSOB02174

DIPR/C/15715/2026

EXECUTIVE ENGINEER
WD &SC DIVISION KAMAN

खरखड़ा के पास ट्रोले से भिड़ी बाइक, युवक गंभीर घायल

खेतड़ी। खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के खरखड़ा के पास गुरूवार को ट्रोले और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

आसपास के लोगों ने घायल को तत्काल खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सोलाना निवासी अनिल पुत्र राजेंद्र (26) गुरूवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बाइक से खेतड़ी से अपने गांव सोलाना की ओर जा रहा था।

इसी दौरान खरखड़ा के पास उसकी बाइक ट्रोले से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक बुरी तरह क्षितिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को संभाला और उपचार के लिए खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में डॉ. हिमांशु लंबोरा की टीम ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने जांच के बाद अनिल की हालत गंभीर पाए जाने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जयपुर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायल को लेकर जयपुर रवाना हो गए।

इधर, हादसे की सूचना मिलने पर खेतड़ीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस ने हादसे के कारणों तथा दुर्घटना से संबंधित अन्य पहलुओं की जानकारी ली। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षितिग्रस्त हो गई।

खिड़ी तोड़ चोरी की

सीकर । मंदिर की साइड की खिड़की तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। नाबालिग का अश्लील वीडियो वायरल किया गया। वहीं एक कोचिंग स्टूडेंट भी लापता हो गया। पुलिस सभी मामलों में जांच कर रही है। साइड की खिड़की तोड़कर मंदिर में चोरी सीकर के कोतवाली थाना इलाके में धोद रोड पर स्थित ज्योति हनुमान मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। यहां चोरों ने 9 सितंबर की रात साइड की खिड़की तोड़कर मंदिर से दानपात्र में रखे रुपए सहित अन्य सामान चोरी कर कर कर लिया। सीकर में 18 साल के कोचिंग स्टूडेंट के लापता होने का मामला सामने आया है। 18 साल के स्टूडेंट की मां के अनुसार उनका बेटा नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा है। जो 8 सितंबर की सुबह करीब 6:30 बजे घर से बैग लेकर निकला था।

अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ब्यावर की बेटी ऐश्वर्या यादव चयनित

ब्यावर (निसं) रूस के येकातेरिनबर्ग में 11 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ऐश्वर्या यादव का चयन हुआ है। ऐश्वर्या यादव वनस्थली विद्यापीठ, निवाई (टोंक) में स्नातक ही छात्रा है। अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शैक्षिणक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों यथा समूह चर्चा (अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर), वाद-विवाद नेतृत्व कौशल विकास, युवाओं के विचार और नई सोच पर चर्चा आदि विषयों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज येकातेरिसबर्ग (रुस) के लिए रवाना हो रही है।

भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ऐश्वर्या यादव आज येकातेरिसबर्ग (रुस) के लिए रवाना होगी ।

ज्ञातव्य है कि ऐश्वर्या यादव की माता आशा संत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा दूदा और पिता नेमी चन्द यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास में प्राचार्य पद पर रहकर शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे है। गौरतब है की अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ऐश्वर्या यादव का चयन पूर्ण रूप से राजकीय व्यय पर हुआ है। ऐश्वर्या ने बातचीत के दौरान बताया की अपनी मेहनत के साथ साथ ईश्वर और माता पिता की प्रेरणा और आशीर्वाद से इस मुकाम तक पहुंच सकी हूँ।

Rajasthan Water Grid Corporation Limited

Formerly known as "Eastern Rajasthan Canal Project Corporation Limited")
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER PIU BARAN, Address :- IMTI Campus, Dadabari Road Kota, Rajasthan, Email ID – piu2kota.ercpc@gmail.com

क्रमांक :- GM/PIU/NIB-02/2025-26/1435 दिनांक :- 08/09/2026

e-NIB No.- 02/2026-27

On behalf of the Governer of Rajasthan e-Tender are invited from eligible Bidders for the works-

Item no. 01 "Clearance of jungle and demarcation of Rehabilitation colony of mahalpur barrage at village- Ramgarh, GP- Ramgarh, Tehsil-Kishanganj, Dist-Baran (Raj.)"(Estimated cost Rs. 2188296) for the period of 06 months including Rainy Season from 04.09.2026 (9:30 Hr) to 14.09.2026 till 18:00 Hr.

Item no. 02 "Clearance of jungle and demarcation of Rehabilitation colony of mahalpur barrage at village- Ishwarpura, GP- Ishwarpura, Tehsil-Mangrol, Dist-Baran (Raj.)"(Estimated cost Rs. 2489023) for the period of 06 months including Rainy Season from 04.09.2026 (9:30 Hr) to 14.09.2026 till 18:00 Hr.

Item no. 03 "Clearance of jungle and demarcation of Rehabilitation colony of mahalpur barrage at village- Koyla, GP- Koyal, Tehsil-Baran, Dist-Baran (Raj.)" (Estimated cost Rs. 3661925) for the period of 06 months including Rainy Season from 04.09.2026 (9:30 Hr) to 14.09.2026 till 18:00 Hr.

Other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.nic.in, www.dipr.rajasthan.gov.in.

NIB CODE: ERP2627A0025
UBN No. : Item No 01: ERP2627WSOB00025
Item No 02: ERP2627WSOB00026
Item No 03: ERP2627WSOB00027

Raj.Samwad/C/26/10560

General Manager
RWGCL PIU, Baran